an>

Title: Need to provide adequate funds for construction of Gaya-Bodhgaya-Chatra railway line.

श्री सुनील कुमार सिंह **(चतरा) :** मेरा संसदीय क्षेत्र चतरा (झारखण्ड) बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है। आवागमन की सुविधाओं का अत्यंत अभाव है। पूरा चतरा जिला रेलवे से अछूता है। चतरा से गया रेलवे लाइन प्रोजेक्ट का अंतिम सर्वेक्षण पूरा हो गया है। चतरा जिले में 37.672 एकड़ भूमि के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य भी लगभग हो चुका है। 2007-08 के बजट में चतरा-गया रेल लाइन निर्माण के सर्वे की स्वीकृति दी गई थी। इसके बाद 2009 में तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा इस रेलवे का शिलान्यास बिहार में किया गया था।

गया-बोधगया-चतरा लाइन की कुल लागत 549.75 करोड़ है जिसमें वर्ष 2013-14 में 1860.28 लाख तथा 2014-15 में 10 लाख आवंटन के बाद शेष 53104.72 लाख रूपयों की आवश्यकता है।

रेल बजट 2015-16 में 1 करोड़ रूपये तथा 2014-15 का संशोधित परिव्यय 1 करोड़ रूपये किया गया है। शेष 531 करोड़ राशि अगर प्रतिवर्ष 1 करोड़ रूपये दिए जाएंगे तो 531 वर्ष इसे पूरा होने में लगेंगे। इस गति से पांच सदी लग जाएंगी। चतरा व गया दोनों ही महत्वपूर्ण स्थान हैं जहां जैन, बौद्ध व हिन्दू सबके आस्था का केन्द्र है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि गया-बोधगया-चतरा रेल लाइन के लिए पर्याप्त राशि का आवंटन कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाए तथा घोषित समय सीमा पांच वर्ष में कार्य को पूर्ण करवाने की व्यवस्था की जाए।